| 1

Copyright © 2020 Vhp. | All rights reserved. . . | 1

सेवा कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग की कुछ झलकियां

प.बंगाल
प.बंगाल के सेवा कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण वर्ग दि. 17 मार्च सायं 4.00 बजे से 19 मार्च रात्रि 9.00 बजे तक मानव सेवा प्रतिष्ठान के गोपाली आश्रम, खड़गपुर में अनुष्ठित हुआ। वर्ग में 111 प्रतिनिधि उपस्थित हुये जिनमें 17 महिलायें थीं। व्यवस्थापकों सहित कुल उपस्थिति 125 थी। वर्ग का उद्घाटन केन्द्रीय सहमंत्री व सहसेवा प्रमुख श्री नंदलाल लोहिया ने किया।
गुजरात
विश्व हिन्दू परिषद प्रेरित विविध ट्रस्टों के द्वारा संचालित सेवा प्रकल्पों के कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण वर्ग दि. 15-16 अप्रैल 2017 को स्वामी नारायण मंदिर वड़ताल धाम में सम्पन्न हुआ। वड़ताल धाम के कोठारी स्वामी पू. संत स्वामी एवं विश्व हिन्दू परिषद के अ.भा. सेवा प्रमुख मा. श्री अरविंदभाई ब्रह्मभट्ट जी ने दीप प्रज्ज्वलन करके प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ किया। प्रशिक्षण वर्ग में 24 प्रकल्प के कार्यकर्ताओं ने सहभाग किया।

जयपुर

जयपुर प्रान्त के सेवा कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण वर्ग 25-26 फरवरी 2017 श्री सियाराम जी की बगीचीए ढहर का बालाजी, जयपुर में सम्पन्न हुआ । 7 जिलो के 35 कार्यकर्ताओं ने सेवा कार्य का विस्तार करने का प्रशिक्षण प्राप्त किया । वर्ग का शुभारंभ पूज्य महन्त श्री हरिशंकर जी महाराज ने दीप प्रज्जवलन कर किया, विहिप केन्द्रीय सहमंत्री श्री आनन्द प्रकाश गोयल जी की प्रेरणादायी उपस्थिति रही ।

प.महाराष्ट्र

प.महाराष्ट्र प्रान्त के सेवा विभाग का प्रांत पशिक्षण वर्ग शिक्रापुर, चिंचवड में सम्पन्न हुआ । प्रान्त से कुल 69 कार्यकर्ता सहभागी हुए । वर्ग का उदद्याट्न श्री मधुकर राव दीक्षित जी-विहिप केन्द्रीय मंत्री- सेवा विभाग ने किया ।

विदर्भ

विदर्भ प्रान्त के सेवा विभाग द्वारा 6,7 मई 2017 को सेवा कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग सरस्वती विद्या मंदिर केलकरवाडी, वर्धा में आयोजित किया गया । 12 प्रकल्पों कुल 46 कार्यकर्ताओं ने सहभाग किया । वर्ग के उदद्याटन सत्र मे अखिल भारतीय सह सेवा प्रमुख एवं विहिप के पदाघिकारी उपस्थित रहे ।